भारत सरकार
केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली, जिला-सोलन, हि.प्र.-173204
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**सत्र 2025-26 के लिए के.अ.सं, कसौली, हि.प्र. में "जैव प्रतिरक्षकों एवं जंतु देखभाल" के एक वर्षीय प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश सूचना**

विज्ञा.सं. 18-1/2025-प्रशासन

दिनांक:- 19-06-2025

**के.अ.सं, कसौली के बारे में**

3 मई, 1905 को स्थापित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली मानव जीवन रक्षक वैक्सीनों और एंटीसीरा का विनिर्माण करने वाला भारत सरकार का एक प्रमुख संस्थान है। विनिर्माण क्रियाकलापों के अतिरिक्त संस्थान हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के संरक्षण में एम.एस.सी.(सूक्ष्मजीव विज्ञान) और "वैक्सीनोलॉजी एवं जैव प्रतिरक्षकों" के स्नातकोत्तर डिप्लोमा के कोर्स भी चला रहा है और विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए सूक्ष्मजीव विज्ञान के क्षेत्र में परियोजना प्रशिक्षण देने में भी संलग्न है। इस संस्थान की प्रयोगशालाएं अच्छे उपकरणों से लैस, जंतु घर और एक विशाल पुस्तकालय है। यह संस्थान वर्ष 2016-17 से हि.प्र सरकार के तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय, सुंदरनगर, के अधीन, "जैव प्रतिरक्षकों के उत्पादन और जंतु देखभाल" में एक वर्षीय प्रशिक्षण कोर्स चलाए जाने के लिए मान्यता प्राप्त है।

**इस कोर्स के संबंध में**

केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली(हि.प्र) में "जैव प्रतिरक्षकों के उत्पादन और जंतु देखभाल" में एक वर्षीय प्रशिक्षण कोर्स की योजना इस उद्देश्य से बनाई गई है कि भारत के वैक्सीन विनिर्माण उद्योग को विशेषकर वैक्सीन विनिर्माण के क्षेत्र में विभिन्न आधुनिक मशीनों/ उपकरणों, प्रयोगशाला भंडार, रसायनों और कांच की सामग्री की संभाल और प्रयोगशाला जंतुओं की देखभाल और अनुरक्षण के लिए प्रशिक्षित/ कुशल सहायक स्टाफ मिल सके। इसलिए इस प्रकार के कुशल स्टाफ की देश की मांग (सरकारी और प्राईवेट सेक्टर दोनों) को पूरा करने के लिए भारत सरकार की "स्किल इंडिया" की नीति के क्रियान्वयन और स्व-रोजगार उत्पन्न करने की दृष्टि से इस कोर्स को प्रारंभ किया जा रहा है।

अन्य विवरण/ अपेक्षताएं

| | |
|---|---|
| पात्रता | किसी मान्य प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन अथवा समकक्ष उत्तीर्ण |
| चयन करने का मापदंड | 10वीं की शिक्षा स्तर के मेरिट के आधार पर चयन |
| कोर्स की अवधि | एक वर्ष |
| सीटों की संख्या | 50<br>(हिमाचल प्रदेश में लागू एस.सी.वी.टी. के दिशा निर्देशों के अनुसार आरक्षण) |
| आयु | न्यूनतम 14 वर्ष(चौदह वर्ष) 01.06.2025 के अनुसार |
| आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय)<br>एन.टी.आर.पी/ भारतकोष पोर्टल के अंतर्गत के.अ.सं, कसौली के विविध चार्जिस को ऑनलाईन माध्यम से।<br>या<br>के.अ.सं, कसौली के कैश काउंटर पर नगद जमा करवाकर। फीस की रसीद आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए। | सामान्य:- 400/-रू<br>अ.पि.व:- 300/- रू<br>अ.जा/ आ.ज.जा.- 200/- |
| के.अ.सं, एवं एस.सी.वी.टी. बोर्ड द्वारा ली जाने वाली कोर्स फीस | के.अ.सं, द्वारा प्रतिवर्ष 1200/- रू +(पंजीकरण फीस के रूप में 560/- रू + एस.सी.वी.टी बोर्ड में प्रत्यक्ष रूप से देय परीक्षा फॉर्म भरने की फीस 510 रू) या एस.सी.वी.टी बोर्ड द्वारा कोई अन्य शुल्क/वृद्धि<br>(होस्टल/ रिहायशी सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी) |
| आवेदन करने का तरीका | आवेदन नीचे दिए गए विहित प्रपत्र में भेजा जाना चाहिए। कोई अन्य प्रारूप स्वीकार नहीं किया जाएगा। |
| आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | आवेदन दिनांक:- 15.07.2025 (सांय 5:30 तक) निदेशक, के.अ.सं, कसौली कार्यालय में पहुँच जाने चाहिए। |

<u>हिमाचल प्रदेश में लागू एस.सी.वी.टी के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए आरक्षण:</u>

| वर्ग/ उपवर्ग | सामान्य | | रक्षा | | अनाथ | | ई.डब्लयू.एस. | | आई.आर.डी.पी. | | आर.वी.ए. | | कुल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सभी | महिला | सभी | महिला | सभी | महिला | सभी | महिला | सभी | महिला | सभी | महिला | सभी | महिला | कुल |
| सामान्य | 13 | 4 | 1 | 3 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 18 | 8 | 26 |
| दिव्यांग | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 02 |
| अनु. जाति | 6 | 3 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 4 | 11 |
| अ.ज.जा. | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 02 |
| अ.पि.व | 6 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6 | 3 | 9 |
| कुल | 28 | 8 | 2 | 5 | 1 | 0 | 3 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 35 | 15 | 50 |

Dimple 23/V/25

केंद्रीय अनुसंधान संस्थान,
कसौली, (हि.प्र)

(डा. डिम्पल कसाना)
निदेशक

आवेदन का प्रपत्र

एस.सी.वी.टी. हिमाचल प्रदेश द्वारा मान्यताप्राप्त

केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली (हि.प्र.) में 'प्रतिरक्षी जैविकों के उत्पादन और जंतु देखभाल' में एक वर्षीय प्रशिक्षण कोर्स

अपनी नवीनतम पासपोर्ट साईज की फोटो चिपकाइए

**विज्ञापन संख्याः 18-1/2025-प्रशासन**

नोटः- सभी मद अनिवार्य हैं।

1) आवेदक का नाम: -

2) पिता का नाम: -

3) जन्म तिथि: -

4) 01.06.2025 को आयु: -

5) राष्ट्रीयता ..............................................................

6) श्रेणी/ उप-श्रेणी ..............................................................

7) लिंग पुरूष/ महिला/ ट्रांसजेंडर (जो लागू न हो उसे काट दें)

8) ई-मेल आई.डी. ..............................................................

9) मोबाईल न. ..............................................................

10) स्थायी घर का पताः

11) वर्तमान पता/ पत्राचार के लिए पताः

12) शैक्षणिक योग्यताएः

| उत्तीर्ण परीक्षा | पढे गए विषय | बोर्ड/ विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत्ता(%)/ ग्रेड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मैट्रिककुलेशन | | | | | | |

13) <u>चैक लिस्ट</u>

क. आवेदन पत्र पूरी तरह से भरा गया है।

ख. प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां - 10वी. की अंकतालिका और उत्तीर्ण प्रमाणपत्र

ग. जाति/ श्रेणी/ उप-श्रेणी प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित प्रतियां

घ. आवेदन शुल्क एन.टी.आर.पी/ भारतकोष पोर्टल के अंतर्गत के.अ.सं, कसौली के विविध चार्जिस को ऑनलाईन माध्यम से या केंद्रीय अनुसंधान संस्थान के नगद काउंटर पर नगद जमा करवाना है। फीस की रसीद आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए।

## घोषणा

मैं एतद द्वारा विधिवत शपथपूर्वक यह घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन में दी गई समस्त सूचना मेरे विश्वास और जानकारी के अनुसार सत्य, सही एवं पूर्ण हैं। मैं शपथ लेता हूँ कि चयन के किसी भी चरण अथवा चयन के पश्चात भी यदि मेरे द्वारा दी गई कोई भी सूचना असत्य, गलत अथवा दिग्भ्रमित करने वाली पाई जाती है तो मेरी अभ्यर्थिता/ नियुक्ति/ सेवांए बिना कोई कारण बताए निरस्त/ समाप्त हो जायेंगी।

दिनांकः ............................ हस्ताक्षरः

स्थानः ............................... नामः

महत्वपूर्ण तिथियाँ

1. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः- 15.07.2025 को सायः5:30 अपराह्न तक।
2. चयन सूची घोषणा और मेरिट सूची की प्रदर्शन की संभावित तिथि- 21.07.2025 को कें.अ.सं, की आधिकारिक वेबसाइट www.crikasauli.nic.in या लिंक के साथ साथ कें.अ.सं, कसौली के सूचना पट्ट पर।
3. पहली काउंसलिंग की तिथि और स्थानः 28.07.2025 को कें.अ.सं, के मुख्य परिसर में स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में (केवल चयनित सूची के उम्मीदवारों के लिए)
4. दूसरी काउंसलिंग की तिथि और स्थानः 29.07.2025 को कें.अ.सं, के मुख्य परिसर में स्थित कान्फेंस हॉल में (शेष सभी उम्मीदवारों के मेरिट सूची के अनुसार)
5. काउंसलिंग के लिए रिपोर्टिंग समय 11:बजे पूर्वाह्न तक (पहली और दूसरी काउंसलिंग दोनो के लिए)
6. पाठ्यक्रम(कोर्स) की शुरूआत अगस्त, 2025 माह के पहले सप्ताह से होगी। इसे काउंसलिंग के समय भी सूचित कर दिया जाएगा।

अनुदेशः-

- "जैवप्रतिरक्षकों के उत्पादन एवं जंतु देखभाल" के एक वर्षीय प्रमाण-पत्र कोर्स में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की काउंसलिंग (मेरिट के आधार पर) के.अ.सं, कसौली के मुख्य परिसर में स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल आयोजित में की जाएगी।
- मेरिट सूची/ चयन सूची संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट www.crikasauli.nic.in या लिंक के साथ-साथ कें.अ.सं, कसौली के सभी सूचना पट्टों पर प्रदर्शित की जाएगी। उम्मीदवारों को काउंसलिंग में भाग लेने के लिए अलग से कोई पत्र/ सूचना नहीं दी जाएगी।
- काउंसलिंग में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवारों को ठीक 11 बजे पूर्वाह्न में रिपोर्ट करना होगा।
- प्रवेश समिति द्वारा आयोजित की जाने वाली काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।
- उम्मीदवारों को उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार काउंसलिंग में शामिल होना अपेक्षित है, जिसके लिए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से काउंसलिंग में शामिल होने के लिए अलग से कोई पत्र नहीं भेजा जाएगा।
- काउंसलिंग में भाग लेने वाले किसी भी उम्मीदवार को कोई टीए/ डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
- उम्मीदवारों को सभी आवश्यक मूल दस्तावेज अर्थात विस्तृत अंक पत्र और योग्यता परीक्षा का प्रमाण पत्र (10वीं कक्षा), अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग का प्रमाण पत्र, उप-श्रेणी यदि कोई हो, प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि उल्लिखित हो, संस्था जिसमें उम्मीदवार अंतिम बार पढ़ा हो का चरित्र प्रमाण-पत्र एवं इन सभी दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां लाना आवश्यक है।
- अपनी सीट सुनिश्चित करने के लिए, उम्मीदवार को काउंसलिंग समिति की अनुशंसा के पश्चात काउंसलिंग के दिन ही 1200.00 रूपये (एक हजार दो सौ रूपये केवल) की फीस जमा करवानी होगी। सत्र के पहले दिन, छात्र को 560.00 रूपये (पाँच सौ साठ रूपये केवल) पंजीकरण शुल्क के रूप में सीधे क्लासरूम अनुभाग में जमा करवाने होंगे।

अधिक जानकारी के लिए:-

संपर्क सूत्र:- 01792-273191, 273278 और 273296

(आवेदन फीस से संबंधित पूछताछ हेतु);

ई-मेल- cri.oicacademic@gmai.com

Website:- www.crikasauli.nic.in